राष्ट्रीय स्तर पर शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति में केवी झगराखांड के हर्ष वर्धन प्रथम रहे

देशभर के केवी विद्यालयों के 1225 विद्यार्थियों ने स्पर्धा में किया था प्रतिभाग

भास्कर न्यूज़ | पटना

एनसीआरटी द्वारा आयोजित कला उत्सव में हर्ष वर्धन दुबे ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।एनसीआरटी का 37 वां कला उत्सव था। इस कार्यक्रम में तीन पड़ाव होते हैं। जिसमें देश के के सभी शिक्षा बोर्ड के चयनित विद्यार्थी प्रस्तुति देते हैं।

4 दिसम्बर को अम्बिकापुर में कला उत्सव का क्लस्टर लेवल आयोजित हुआ। इसमें 6 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें केंद्रीय विद्यालय झगराखाण्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे कक्षा 11 वीं के छात्र हर्ष वर्धन दुबे ने प्रथम स्थान हासिल किया। उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। 6 दिसम्बर को खैरागढ़ में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 38 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। इसमें हर्ष वर्धन की प्रस्तुति सर्वोत्तम रही। उन्हें प्रथम स्थान मिला। 14 को कला उत्सव की राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता लखनऊ में हुई। इसमें देश के सभी राज्यों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी थी। कार्यक्रम में हर्ष वर्धन ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने शास्त्रीय गायन में एकल प्रस्तुति देकर 1225 केवी के विद्यार्थियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। हर्ष ने सफलता का श्रेय केवी झगराखाण्ड के प्राचार्य वाईके सोलंकी को दिया है। कहा कि गुरुजी के अटूट विश्वास के कारण ही अल्प समय होते हुए भी प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहा।

लखनऊ में शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देते हर्षवर्धन।